डाक पंजीयनक्र. मालवा डिविजन /404/2025-27 RNI MPHIN/2022/86763



# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात



स्व. पूज्य पिता रतनलाल जी माहेश्वरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी(जेल) रानापुर जिला झाबुआ के चरणों में सादर समर्पित

Sangharshsesiddhi@gmail.com

हिन्दी सांध्य दैनिक | उज्जैन, मंगलवार 15 अप्रैल 2025 | वर्ष-03 अंक-249 पृष्ठ-08, मूल्य-3: 00

# डॉ. अम्बेडकर के योगदान से ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महू में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित





**संजय जैन,सह-संपादक।** भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 20वीं शताब्दी में ऐसे अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए, जिनसे 1000 वर्ष की गुलामी की विसंगतियां दूर हुईं। इन्हीं के आधार पर आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश बना है। डॉ. अम्बेडकर के जीवन के योगदान बहुआयामी हैं, उन्हें भारत में भविष्य की चुनौतियों का आभास हो चुका था, यद्यपि उनका जीवन बहुत कठिनाई के साथ बीता, लेकिन वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने स्वयं के संघर्ष से सीख ली और अपने जैसे दूसरे लोगों की मदद की। बाबा साहेब ने स्वयं की शिक्षा में कोई कसर नहीं रहने दी, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर द्वारा समाज के बंधुत्व और उत्थान के लिए किए गए कार्य भूतो न भविष्यति हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी जन्म स्थली महू में भीम जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब ने समूचे समाज को आरक्षण जैसी व्यवस्था प्रदान की। आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित हर वर्ग को साक्षरता का लाभ मिल रहा है। अनुसूचित जाति वर्ग की साक्षरता जो कभी मात्र 1.5 प्रतिशत थी, आज 59 प्रतिशत तक पहुंच गई है। भविष्य में जब-जब कठिनाई आएगी, हम सर्वहारा वर्ग के सशक्तिकरण का ध्यान रखेंगे। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक सशक्तिकरण के लिए मजबूत संविधान बनाया और देश को लोकतंत्र दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े सभी स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में मान्यता दी। महू स्थित भीम जन्मभूमि को तीर्थ के रूप में विकसित करने में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा और शिवराज सिंह चौहान का योगदान महत्वपूर्ण है।

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भीम जन्मस्थली महू में धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 तीन एकड़ जमीन दी जा रही है। इससे यहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी, सभी आगंतुकों की संपूर्ण सुविधा का प्रबंध राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। राज्य सरकार ने सर्वहारा वर्ग और प्रदेश के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की है। अगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का कोई व्यक्ति दूध डेयरी खोलेगा, तो उसे हमारी सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से एक दिन पहले ही भीम जन्मस्थली महू को नई ट्रेन की सौगात मिली है। अब महू शहर सीधा देश की राजधानी दिल्ली से जुड़ गया है। इस रेलगाड़ी की शुरुआत का लाभ कोटा के साथ-साथ मालवा क्षेत्र के इंदौर, उज्जैन और देवास को भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंदन में भी डॉ. अम्बेडकर का भव्य स्मारक बना है, इसी स्थान पर उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। यह एक आवासीय क्षेत्र है। अंग्रेजों ने स्मारक बनाने का काफी विरोध किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वहां भी तीर्थ का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार वापस दिया है। बाबा साहेब डॉ.अम्बेडकर ने भी धारा 370 को स्वीकार नहीं किया था।

विचारक मुकुल कानिटकर ने कहा कि 1891में आज के दिन महू से एक सकारात्मक क्रांति की शुरुआत हुई थी, एक क्रांति सूर्य का उदय हुआ था। डॉ. अम्बेडकर ने वर्ष 1916 में मात्र 27 वर्ष में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इकोनॉमिक्स की डिग्री प्राप्त की थी। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में सिर्फ एक ही स्टैच्यू लगा है, वो बाबा साहेब अम्बेडकर का है। उन्होंने अर्थशास्त्र में पीएचडी और समाजशास्त्र व मानवशास्त्र में एमए किया। उस समय वे विश्व में सर्वाधिक डिग्री हासिल करने वाले व्यक्ति थे। वे किसी एक जाति-धर्म के नेता नहीं सर्वसमाज के नेता हैं। उन्होंने स्वयं शिक्षित होकर समाज को शिक्षित किया और समाज को रूढ़ीवाद से दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए बाबा साहेब के विचारों का अध्ययन आवश्यक है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंचासीन अतिथियों ने संवैधानिक सामाजिक न्याय एवं चिंतन पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री और विधायक ऊषा ठाकुर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जैन साधु के साथ बेरहमी से मारपीट,जैन समाज में आक्रोश, नगर रहा बंद

## विधायक, कलेक्टर और एसपी भी पहुंचे सिंगोली

### पुलिस ने 6 आरोपियों को राउंडअप किया

### गांव के मंदिरो में भी हुई चोरी की वारदात

**राजू पटेल** सिंगोली- नीमच जिले की सिंगोली तहसील के समीपस्त ग्राम कछाला के पास स्थित हनुमान मंदिर पर सोमवार की रात में अज्ञात सामाजिक तत्वों ने सिंगोली से विहार कर गये जैन मुनियों से पैसे की मांग की ओर नही देने पर बुरी तरह से मारपीट की है। बताया जा रहा है कि रात्रि में करीब 11 से 12 बजे के लगभग सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम कछाला के रात्रि अधिक होने के चलते ही गांव के पास स्थित बालाजी मंदिर पर जैन संत शैलेन्द्र मुनि जी, बलभद्र मुनि जी, मुनीन्द्र मुनि जी रात्रि विश्राम कर रहे थे, तब ही आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने हमला कर जमकर मारपीट की तथा मंदिर पर लगे झंडों के डंडों को निकाल कर पीटा व कपड़े फाड़ दिये।

बताया जा रहा है कि, बदमाशों ने जैन संतों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। जैन संतो ने रात में गुजर रहे वाहन को रोक कर घटना के बारे बताया, तब उन्होंने सिंगोली जैन समाज को घटना की सूचना दी। रात में ही जैन समाज के लोग बालाजी मंदिर पर एकत्रित हो गये ओर घायल मुनियों को सिंगोली लेकर आये और उनका उपचार करवाया।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बीएल भाबर ने एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन, एएसपी नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी निकिता सिंह जावद के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों द्वारा दिनांक- 13 अप्रैल को विहार के अर्न्तगत ग्राम कछाला स्थित हनुमान मंदिर में विश्राम के दौरान जैन मुनियों के साथ मारपीट करने वाले 06 आरोपियों (01 बाल अपचारी सहित) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक- 13 अप्रैल को फरियादी पवन पिता भगवानलाल मेहता निवासी अहिंसा पथ सिंगोली ने एक लेखी आवेदन पत्र जिसमे जैन संतो के साथ 05-06 लोगो द्वारा पैसा आदि मांग करने



व मारपीट करने के संबंध मे पेश किया था। जिस पर से थाना सिंगोली पर अपराध क्रमांक 65/25 धारा 115 (2), 119 (1), 191 (2).3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

इस दौरान प्रकरण में तत्काल एसपी अंकित जायसवाल द्वारा एसडीओपी निकिता सिंह एवं निरीक्षक बी.एल. भांभर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का








गठन किया। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं सख्त कार्यवाही के नर्देश दिये। पुलिस टीमों द्वारा प्रकरण में आरोपीगण को देर रात्रि में की कडी मेहनत व त्वरीत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। जिनको माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा।

**इन आरोपियों को गिरफ्तार किया**

उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस ने गणपत पिता राजू नायक निवासी भोई का खेडा चित्तोडगढ, गोपाल पिता भगवान जाति भोई भोई का खेडा चित्तोडगढ, कन्हैयालाल पिता बंशीलाल भाई भोई का खेडा चित्तोडगढ, राजू पिता भगवान भाई भोई का खेडा चित्तोडगढ, बाबू शर्मा पिता मोहन शर्मा निवासी धनेत टोकरिया जिला चित्तोडगढ और बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। इधर जैन संतो के साथ लूटपाट और मारपीट की घटना की जानकारी मिलने पर जैन समुदाय सहित पूरे सिंगोली नगर में आक्रोश फैल गया और सोशल मीडिया में आरोपियों को गिरफ्तार करने और सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की जाने लगी। नगर में जैन समाज के आह्वान पर सिंगोली बंद का ऐलान कर सोमवार को सिंगोली बंद किया गया। इस संबंध में एसपी अंकित जायसवाल व थाना प्रभारी बीएल भाबर ने भी आरोपियों को गिरफ्तार करने और जिले वासियों से शांति बनाए रखने की अपील की थी । जैन संतो के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट के विरोध में सोमवार को सिंगोली बंद रहा तथा घटना के विरोध स्वरूप शाम 4 बजे जैन समाज सहित नगर वासियों द्वारा ज्ञापन दिया। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एसपी अंकित जायसवाल, एसडीएम प्रीति संघवी नाहर और एसडीओपी निकिता सिंह भी सिंगोली पहुंचे तथा घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आश्वासन देकर शांति बनाए रखने की अपील की।

जैन सन्तो के साथ हुई घटना के साथ ही ग्राम कछाला में अज्ञात चोरों ने ग्राम के दो भैरुनाथ मन्दिर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कछाला के आक्रोशित ग्रामीण तीन ट्रैक्टरों से सिंगोली थाने पर पहुचे ओर बताया कि ग्राम में कुछ असामाजिक लोग बिना किसी उद्देश्य के आकर ठहरे हुए हैं। यह लोग ही जैन संतो के साथ मारपीट करने और मंदिर में चोरी की वारदात के आरोपी हो सकते है। प्रशासन इनकी गहनता से छानबीन कर इन्हें यहां से हटावे।

**सराहनीय कार्य-** उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी बी.एल. भाभर व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### उत्साह से मनाई बाबा साहब की जयंती



**राजेश नाहर**खेतिया जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहब का नाम रहेगा बाबा साहब अमर रहे जय भीम जय भीम के नारो की गूंज के साथ अंबेडकर चौक से निकली रैली शहर में स्थापित बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक पहुंची जहां डॉ. सुनील बागले,श्याम वास्कले,कमलेश राजपूत ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया, बाबा साहब के अनुयायियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया,बौद्ध वन्दना संतोष पंवार सर द्वारा करवाई गई कार्यक्रम का संचालन व आभार पारस ठाकरे ने किया डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के अनुयायियों में आज विशेष उत्साह देखा गया ढोल ताशा के साथ निकली इस रैली में बड़ी संख्या में बाबा साहब के अनुयाई एकत्रित रहे,इस अवसर पर नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश,मुख्य नप अधिकारी ईश्वर महाले,प्रमोद गवले , अशोक ठाकरे जयपाल जमरे , पंडित गवले सुनिल बैसाने ,ब्रीजलाल बैसाने भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामचंद्र सोनिस,ब्लॉक काग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद दिनेश सोनिस, श्याम हरसोला ,बृजलाल चौधरी,किशन एशिकर,विजय चौधरी,पंडित गवलेजगदीश ठाकरे मनोज ठाकरे दिलीप कुवंर, गोपाल ठाकरे, नाना कुवंर, नहानु ठाकरे, संजय कुवंर, पुष्कर खण्डेराव ठाकरे,आपा जाधव , प्रदीप ईनदंवेकर,सुरेश ईनदंवेकर,मनोज कुमार गवले,एडवोकेट भगवान गवले दिपक थोरात हीरालाल ठाकरे सुभाष निकुम ,राहुल सामुदरे,रोहित ठाकरे पार्षद अकंलेश एसीले रोहित चौहान पंकज चौहान आदि समाज जन ने अत्यंत प्रसन्नता व उत्साह से भाग लिया प्रतिमा स्थल पर सभी ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया

### जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने पर 3 साल की जेल - तीन आरोपियों पर लगा जुर्माना, धारदार हथियार से किया था हमला

**ब्यूरो सतीश वाघ** बुरहानपुर - नेपानगर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में विशेष न्यायालय ने तीन आरोपियों को तीन-तीन साल के सश्रम कारावास और एक-एक हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई मामला 30 मई 2024 का है वेलफेयर सेंटर नेपानगर निवासी सुंदरम धनंजय ठाकुर (23) और एमजी नगर नेपानगर अर्जुन रामेश्वर मराठा (22) और भवानी नेपानगर



निवासी साहिल उर्फ भूपेंद्र चौहान (22) ने फरियादी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर फरियादी को घायल किया और जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल के जांच के बाद 5 अगस्त 2024 को न्यायालय में चार्ज शीट पेश की गई विशेष न्यायालय ने तीनों आरोपियों को धारा 325 /34 और एससी - एसटी एक्ट के तहत दोषी पाया मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दीपक उमाले ने सफल पैरवी की

### भाजपा ने मनाई संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

#### पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोद भी रहे उपस्थित



अनिल भरावा आलोट- संविधान निर्माता भारतरत्न डाक्टर भीमराव जी अंबेडकर की जयंती पर भाजपा मंडल आलोट द्वारा तहसील कार्यालय स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जहां पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने हमे ऊंच नीच के भेद को समाप्त कर समानता के भाव के साथ रहने का संदेश दिया हे उन्होंने देश के संविधान का निर्माण कर लोकतंत्र में जनता के अधिकारों को मजबूत किया हे इस अवसर पर भाजपा आलोट मंडल के प्रभारी राजेश परमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया,भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश कोठारी ,नंदन राज जैन पवन शर्मा,अनिल भरावा कार्यक्रम के प्रभारी राकेश दायमा,जिला पंचायत सदस्य रमेश मालवीय,पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना, अजा मोर्चा के जिला महामंत्री तूफान गेहलोद,संजय मीणा,मोहक मेहता, अजातशत्रु सिंह परिहार,राजेश सोलंकी,डूंगर सिंह परिहार,शांतिलाल पोरवाल,वर्दीचंद मालवीय,अनुराग शर्मा,राजेंद्र सिंह आक्या, रामलाल सूर्यवंशी,राजकुमार निगम,समरथ शर्मा,पुर सिंह परिहार,कमल सिंह परिहार,गोविन्द सिंह परिहार,मदन मालवीय, कालू राम मीणा,भेरूलाल पोरवाल,समरथ राठौर,राधेश्याम मालवीय,आदि उपस्थित थे

## कलेक्टर एवं एस.पी.ने सिंगोली में जैन संतो से भेट कर कुशलक्षेम पूछी,जैन समाज के प्रबुद्धजनों से की चर्चा

**कलेक्टर ने कहा दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी**

राजू पटेल नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने सोमवार को सिंगोली पहुचकर स्नाथक भवन में जैन संतो से भेटकर, उनकी कुशलक्षेम पूछी। कलेक्टर एवं एस.पी. ने जैन स्नाथक भवन सिंगोली में जैन समाज के प्रबुद्धजनों से चर्चा कर, घटना की निंदा करते हुए आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का विश्वास दिलाया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। जैन समाज के प्रबुद्धजनों से चर्चा में कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि जैन संत यदि किसी भी गांव में विश्राम करेंगे, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरपंच, सचिव की रहेगी। जैन संतो के गांव में पहुचने पर सूचना पुलिस एवं प्रशासन को तत्काल देंगे। कलेक्टर एवं एस.पी. ने तत्परतापूर्वक सिंगोली पहुचकर, जैन संतो से सोमवार को मुलाकात की तथा स्नाथक भवन में जैन से प्रबुद्धजनों से चर्चा की। इस मौके पर विधायक जावद ओमप्रकाश सखलेचा, जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाशचंद नागोरी,अनिल नागोरी, न.प.अध्यक्ष सुरेश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री चंद्रा एवं एसपी श्री जायसवाल ने डाक बंगला सिंगोली में कछाला के ग्रामीणों से भेटकर उनकी मांगे सुनी और उनसे



मांग पत्र भी लिया। ग्रामीणो ने गांव में अतिक्रमण हटाने, गांव में गांव व्यक्ति को चौकीदार नियुक्त करने, घटना के जिम्मेदार लोगो के विरूद्ध कार्यवाही करने, गांव में चोरी की घटना को अंजाम देने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञातव्य हो, कि रविवार की देर रात्रि में सिंगोली के समीपस्थ ग्राम कछाला के मंदिर पर विश्राम कर रहे जैन मुनियों के साथ कुछ लोगो द्वारा र्दुव्यवहार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर, अपराध पंजीबद्ध कर, सभी आरोपियों को देर रात्रि में ही गिरफ्तार कर लिया गया है। कलेक्टर एवं एसपी ने भी सोमवार की सुबह सिंगोली पहुचकर जैन संतो से भेटकर घटना की जानकारी ली और कुशलक्षेम पूछी तथा जैन समाज के प्रबुद्धजनों से भी मुलाकात कर, चर्चा की और ज्ञापन प्राप्त किया।

# हकीकत-पलायन रोकने की मनरेगा योजना का भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा सहारा-पेट पालने के लिए जाना पड़ता है

# होली के बाद फिर शुरू हुआ पलायन

## गांव में काम-दाम न मिलने से महानगरों का कर रहे रुख.....

संजय जैन (सह-संपादक) 942510-1357 883910-7012

गिद्ध दृष्टि

झाबुआ/इंदौर। संजय जैन-सह संपादक। होली का त्योहार संपन्न होते ही प्रवासी मजदूरों का पलायन शुरु हो गया है। प्रवासी महानगरों की ओर परिवार सहित वापसी करने लगे हैं। वहीं मनरेगा या अन्य किसी योजना से गांव में परिवार पालने लायक काम न मिलने से युवा भी पलायन की राह पर हैं। रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड पर प्रवासी मजदूर अपने परिवार व गृहस्थी के सामान के साथ बड़ी संखया में नजर आने लगे हैं।





### मनरेगा की असलियत सामने आ रही.........

जिले से बड़ी सखंया में मजदूरों के पलायन से जहां मनरेगा की असलियत सामने आ रही है। वहीं ग्रामीण मजदूरों की दुर्दशा की चिंताजनक तस्वीर भी दिखाई दे रही है। गांव में कोई काम नहीं है, काम होता भी है तो मजदूरी देर से मिलती है, ऐसे में लोगों से कर्जा लेकर चूल्हा जलाना पड़ता है। ऐसी योजना किस काम की जो न तो काम दे सके न समय पर मजदूरी...?खेत में सिंचाई न होने से इस बार खेती भी सही नहीं है। मजदूरों के गांव में जो काम होते हैं, वे मशीन से कराए जाते है। कभी-कभी पांच-छह दिन काम मिलता है,तो 25 दिन मजदूरों को खाली बैठना पड़ता है। मजदूरों को पैसा मिलने में देर होने से परिवार उनका पेट पालना मुश्किल हो गया है,इसलिए मजदूर.पलायन पर जा रहे हैं।


### गांव में काम-दाम न मिलने से महानगरों का कर रहे रुख.....

गांवों से पलायन रोकने के लिए मानव श्रम को ग्राम विकास में भागीदार बनाने के लिए लागू कई योजनाएं भी ग्रामीणों को गांव में काम नहीं दिला पाए हैं। जहां भी काम हुए वहां मानव श्रम की बजाए मशीनों से काम कराए गए जिससे स्थिति बिगड़ती चली गई। ऐसे ही लगातार बदतर हो रहे हालातों से जूझते हुए ग्रामीण अपना घर,खेत-खेलिहान छोडकर शहरों की ओर कूच कर रहे हैं। एक तो मनरेगा में गांव में काम ही नहीं मिलते,यदि काम मिल भी जाए तो भुगतान कम और देर से मिलता है। मजदूरीश्च्ष्ठ बकाया होने से मजदूर काम करने की बजाय गांव से बोरिया बिस्तर समेटकर काम-दाम और रोटी के लिए महानगरों की ओर पलायन करना ज्यादा सही समझते हैं। ऐसे तमाम कारणों से गांव में काम व मजदूरी के अभाव में जिले से प्रतिदिन सैकड़ों प्रौढ़ और युवा मजदूर रोजगार की तलाश में दिल्ली,मुंबई, चंडीगढ़ सहित अन्य महानगरों का रुख कर रहे हैं।




### मनरेगा नहीं रोक पा रही पलायन....

सरकार ने आम गरीबों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी यानी मनरेगा योजना लागू की है। दुनिया की सबसे बड़ी इस योजना का मूल उददेश्य आस्था व श्रम मूलक कार्य कराके लोगों को काम उपलब्ध कराके उनका पलायन रोकना था,मगर ऐसा हो नही सका। सही मायने में अधिकारियों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों तक सभी मनरेगा से मलाई खा रहे हैं,वहीं जरूरतमंद ग्रामीण परेशान हैं। सच्चाई ये है कि एक तो 90 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं हो रहे हैं,जो कार्य होते भी हैं वे कागजों पर पूर्ण करके राशि आहरित कर ली जाती है। तालाब गहरीकरण,मिट्टीकरण,पौधरोपण,नाला सफाई के अधिकांश काम मशीनों से कराए जा रहे हैं। कई कामों में मजदूरी तथा मटेरियल के नाम पर फर्जी बिलों से राशि निकाल ली गई है।



### मनरेगा से काम देने के निर्देश दिए है....

बेहतर भविष्य के लिए बाहर जाना अलग बात है। लेकिन पलायन मजबूरी होना अच्छा नहीं है। मैंने गांव में भ्रमण के दौरान व बैठकों में मनरेगा के जरिए लोगों को काम देने के निर्देश दिए हैं।

..जितेंद्र सिंह चौहान-सीईओ-जिला पंचायत,झाबुआ

संपादकीय

## श्रम शक्ति में भागीदारी में महिलाओं की क्षमता कम होने का मतलब

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' यानी 'भारत में महिला और पुरुष 2024' रिपोर्ट भारत में विभिन्न क्षेत्रों में लिंग-विशिष्ट डेटा का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करती है, जो प्रगति और लगातार चुनौतियों दोनों पर प्रकाश डालती है। 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया 2024' रिपोर्ट उत्साहवर्धक प्रगति और निरंतर बरकरार चुनौतियों की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अहम निष्कर्षों में से एक है देश की श्रम शक्ति, शासन और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी। ध्यान देने वाली बात है कि महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। यह बड़ी उपलब्धि है मगर पुरुषों की 77.2 फीसदी भागीदारी से काफी कम है और विश्व बैंक के अनुसार दुनियाभर में महिलाओं के 50 फीसदी भागीदारी के औसत से बहुत कम है।**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' यानी 'भारत में महिला और पुरुष 2024' रिपोर्ट भारत में विभिन्न क्षेत्रों में लिंग-विशिष्ट डेटा का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत करती है, जो प्रगति और लगातार चुनौतियों दोनों पर प्रकाश डालती है। यह शिक्षा, वित्तीय समावेशन, राजनीतिक भागीदारी और स्वास्थ्य में सकारात्मक रुझानों पर प्रकाश डालती है। यह भारत में विभिन्न क्षेत्रों में लिंग-विशिष्ट डेटा का गहन अवलोकन प्रदान करती है। यह महिलाओं द्वारा की गई प्रगति और उनके सामने आने वाली लगातार चुनौतियों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करती है। रिपोर्ट में शिक्षा, वित्तीय समावेशन, राजनीतिक भागीदारी और स्वास्थ्य में प्रगति पर प्रकाश डाला गया है, साथ ही रोजगार, नेतृत्व की भूमिकाओं और ग्रामीण-शहरी पहुंच में चल रही असमानताओं को भी उजागर किया गया है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया 2024' रिपोर्ट उत्साहवर्धक प्रगति और निरंतर बरकरार चुनौतियों की ओर संकेत करती है। रिपोर्ट के अहम निष्कर्षों में से एक है देश की श्रम शक्ति, शासन और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी। ध्यान देने वाली बात है कि महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 2017-18 के 23.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। यह बड़ी उपलब्धि है मगर पुरुषों की 77.2 फीसदी भागीदारी से काफी कम है और विश्व बैंक के अनुसार दुनियाभर में महिलाओं के 50 फीसदी भागीदारी के औसत से बहुत कम है। इससे पता चलता है कि न केवल अवसरों में अंतर है बल्कि व्यवस्थागत हालात भी ऐसे हैं जो महिलाओं को हतोत्साहित करते हैं। किंतु उत्साहित करने वाली बात यह है कि ग्रामीण और शहरी दोनों ही इलाकों में वेतन के बीच अंतर लगातार कम हो रहा है। जुलाई से सितंबर 2023 और अप्रैल से जून 2024 के बीच शहरी महिलाओं के वेतन में सबसे ज्यादा 5.2 फीसदी इजाफा देखा गया। फिर भी इस बदलाव के साथ-साथ एक अन्य महत्वपूर्ण रुझान देखने को मिला और वह है मुफ्त के घरेलू कामों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना। समय के इस्तेमाल से जुड़े टाइम यूज सर्वे के मुताबिक 'परिवार के सदस्यों के लिए बिना वेतन घरेलू काम' की अवधि महिलाओं के लिए 236 मिनट है, जबकि पुरुष रोजाना इसमें औसतन 24 मिनट ही देते हैं। इससे दोहरे बोझ की बात पता चलती है। महिलाएं कमाने बाहर भी जा रही हैं और घर के भीतर पूरा काम भी संभाल रही हैं। इससे श्रम शक्ति में भागीदारी की महिलाओं की क्षमता कम हो जाती है और दिखाती है

# तहव्वुर हुसैन राणा पर शिकंजे का संदेश



**तहव्वुर राणा को भारत लाना आसान नहीं था। वह कनाडा का नागरिक है और अमेरिका में लंबे समय से कई तरह के काम कर रहा था। वहां के कानून के मुताबिक कोई विदेशी एजेंसी सीधे अमेरिकी अदालतों में प्रत्यर्पण की अर्जी नहीं दाखिल कर सकती। उसे पहले एफबीआई को सुबूत सौंपने होते हैं, उसे मुत्मइन करना पड़ता है। हमारी सरकारी एजेंसियां ऐसे प्रमाण पेश करने में कामयाब रहीं, जिसने एफबीआई के आला अधिकारियों से लेकर अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय तक को लाजवाब कर दिया।**

**अब भारतीय खुफिया एजेंसियों को राणा से महत्वपूर्ण सूचनाएं हासिल होने जा रही हैं। इन जानकारियों के जरिये भविष्य में कई हमले रोके जा सकते हैं। अदालतों द्वारा इस विदेशी हत्यारे को सजा मिलने के बाद हम हिन्दुस्तानियों का यह यकीन जरूर पुख्ता होगा कि नई दिल्ली हमारी सुरक्षा को लेकर सतर्क है।**

गए गुरुवार को दिल्ली के पालम हवाई अड्डे के 'टेक्निकल एरिया' में एक विशेष विमान उतरा। यहां विशेष विमानों का उतरना आम है, लेकिन वह विमान कुछ खास था। इसमें भारतीय खुफिया और सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक मोस्ट वांटेड मुजरिम सवार था- तहव्वुर हुसैन राणा। वही तहव्वुर राणा, जिसने मुंबई के हमले की साजिश को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। पाकिस्तान की दहशतपसंद खुफिया एजेंसी आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा ने उसे इस हमले की जिम्मेदारी सौंपी थी। यही वजह है कि राणा 26 नवंबर, 2008 के भयंकरतम हमले से ऐन पहले 20-21 नवंबर को मुंबई आया था। इस दौरान उसने अपने सहयोगी डेविड हेडली द्वारा तैयार किए गए हमले के संभावित स्थानों और रूट प्लान को अंतिम रूप दिया था। पाकिस्तानी मूल का आतंकी डेविड कोलमेन हेडली उर्फ दाऊद सैयद गिलानी हमले से पूर्व पांच बार भारत रेकी के लिए आया था। वह अब अमेरिकी जेल में 35 साल की सजा भुगत रहा है। हमलावर कैसे आएंगे? कहां उतरेंगे? उतरने के बाद क्या करेंगे? उनके निशाने पर कौन-कौन सी इमारतें होंगी? ज्यादा से ज्यादा जन-हानि कैसे हो? किस तरह इस हमले को लंबे से लंबा खींचा जा सकता है? ऐसे बहुत सारे सवालों के अंतिम जवाब हेडली ने ही ढूंढे और विस्तार से आईएसआई के षड्यंत्रकारी जनरलों तक पहुंचाए।

भारतीय भूमि पर यह अब तक का सबसे बड़ा हमला था। इसमें 15 पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और दो एनएसजी कमांडो सहित 174 निर्दोष नागरिक मारे गए। इसके अलावा 300 से अधिक घायल हुए। पाकिस्तान में प्रशिक्षित दस जाहिल हत्यारों ने 72 घंटों तक मुंबई को अपने कब्जे में रखा। उनकी दहशत से सिर्फ देश की आर्थिक राजधानी नहीं थर्रा रही थी, बल्कि देश-दुनिया में फैले हर भारतीय का खून खौल उठा था। उस दौरान भारत सहित 24 देशों के नागरिकों की जान सांसत में थी। हर तरफ सवाल उठ रहा था, हम कैसे देश में रहते हैं? यहां कभी भी कोई भी घुसकर मार-काट मचा सकता है। वह तो कुछ पुलिस वालों की बहादुरी से मोहम्मद अजमल कसाब पकड़ा गया, जिससे न केवल सुबूत हासिल हुए, बल्कि घटनाक्रम के पीछे छिपी पाकिस्तानी साजिश का भी पता चला। मुंबई पुलिस के इस बहादुराना कृत्य से देशवासियों में यह एहसास जगा कि हमारे सुरक्षा बल जान देकर भी अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटने वाले।

उस भीषण नरमेध का बड़ा असर देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ा था। उस दौरान बाहर से आने वाले पर्यटकों ने अपने टिकट रद्द करा दिए थे। होटल रीते पड़े थे। मुंबई आने वाली उड़ानें खाली होती थीं। देश ने इससे पहले ऐसा कभी नहीं देखा था। यही वजह तो तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को बेहद खास बना देती है। अब समूची दुनिया में संदेश जाएगा कि भारत कोई पिलपिला राष्ट्र-राज्य नहीं है। हम अपने दुश्मनों को न भूलते हैं, न माफ करते हैं।

कसाब की फांसी और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बीच एक अन्य महत्वपूर्ण घटना ने आकार लिया। कुछ हफ्ते पहले ही इन दहशतगर्दों के प्रमुख हैंडलर हाफिज सईद के करीबी आतंकी अब्दुल रहमान को पाकिस्तान में कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा मार गिराया गया। इससे पहले कनाडा और पाकिस्तान में भारत के अनेक गुनहगार मारे जा चुके हैं।

तहव्वुर राणा को भारत लाना आसान नहीं था। वह कनाडा का नागरिक है और अमेरिका में लंबे समय से कई तरह के काम कर रहा था। वहां के कानून के मुताबिक कोई विदेशी एजेंसी सीधे अमेरिकी अदालतों में प्रत्यर्पण की अर्जी नहीं दाखिल कर सकती। उसे पहले एफबीआई को सुबूत सौंपने होते हैं, उसे मुत्मइन करना पड़ता है। हमारी सरकारी एजेंसियां ऐसे प्रमाण पेश करने में कामयाब रहीं, जिसने एफबीआई के आला अधिकारियों से लेकर अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय तक को लाजवाब कर दिया।

अब भारतीय खुफिया एजेंसियों को राणा से महत्वपूर्ण सूचनाएं हासिल होने जा रही हैं। इन जानकारियों के जरिये भविष्य में कई हमले रोके जा सकते हैं। अदालतों द्वारा इस विदेशी हत्यारे को सजा मिलने के बाद हम हिन्दुस्तानियों का यह यकीन जरूर पुख्ता होगा कि नई दिल्ली हमारी सुरक्षा को लेकर सतर्क है।

इसके साथ पाकिस्तान का यह दावा कि हम भारत में आतंक और आतंकवादी नहीं निर्यात करते, हमेशा के लिए बेपर्दा हो गया है। इसे कानून और सुरक्षा के साथ कूटनीति की भी जीत के तौर पर देखा जाना चाहिए। इस मुकाम को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी खुद कितने प्रयासरत थे, यह जानने के लिए हमें पिछली 13 फरवरी की ओर लौटना होगा। उस दिन नए अमेरिकी सदर डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री के समक्ष सार्वजनिक घोषणा की थी कि वह तहव्वुर राणा को भारत के हवाले कर देंगे। यकीनन, बातचीत के दौरान मोदी ने यह मुद्दा समूची प्रतिबद्धता से उठाया था।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेंद्र मोदी के सत्तारोहण के बाद से केंद्र सरकार ने समूची ताकत आंतरिक और बाहरी दुश्मनों से निपटने में लगाई है। मुझे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से अपनी आखिरी मुलाकात याद है। हम लोगों ने उनसे पूछा था कि आपको भारत के सामने तीन बड़े खतरे कौन नजर आते हैं? सिंह साहब ने जो तीन खतरे बताए, उनमें माओवाद प्रमुख था। मितभाषी तत्कालीन प्रधानमंत्री का मानना था कि माओवाद इसलिए बहुत बड़ा खतरा है, क्योंकि नक्सलियों ने आधा दर्जन से ज्यादा राज्यों में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है और वे एक ऐसा गलियारा बनाने में कामयाब रहे हैं, जो भारत को आगे चलकर बीच से बांट सकता है।

आज माओवाद किस हाल में है? बकौल गृह मंत्री अमित शाह अब यह महज छह जिलों की बड़ी समस्या रह बची है। जिस दंडकारण्य नाम के गलियारे का नक्सलियों ने जतनपूर्वक निर्माण किया था, वह अतीत के अंधेरे में खो चुका है। सुरक्षा दल उन पर कितने हावी हैं, यह जानने के लिए इन आंकड़ों पर गौर फरमाएं। पिछले वर्ष 290 नक्सली मारे गए और 1,090 गिरफ्तार हुए हैं। इनके अलावा 881 ने हथियार डाल दिए। गृह मंत्री अमित शाह खुद इस ऑपरेशन पर नजर रख रहे हैं। इस दौरान आत्म-समर्पण कर चुके नक्सलियों के पुनर्वास के लिए भी जबरदस्त काम चल रहा है।

यहां कश्मीर की चर्चा जरूरी है। पिछले 11 साल में इस सरजमीं पर खूंरेजी में खासी कमी आई है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए की रुखसती के बाद विघ्नसंतोषियों को भरोसा था कि वहां के लोग सड़कों पर उतर पड़ेंगे। वे गलत साबित हुए। जम्मू-कश्मीर के सुधरते हालात ने न केवल पाकिस्तान के मनसूबों पर पानी फेरा, बल्कि पूरी दुनिया को संदेश दिया कि अब तक कश्मीर और कश्मीरियों के बारे में जो कहा जा रहा था, वह सिरे से गलत था। इन सूबों में शांतिपूर्वक बेहतर मतदान का कीर्तिमान गढ़ने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव भी इस तथ्य की मुनादी करते हैं कि लोकतंत्र में फैसले बुलेट नहीं, बैलेट पेपर करते हैं। सुकमा से श्रीनगर तक का यही पैगाम है।

## इंदौरी नटवरलाल लोगो को चुना लगाकर फरार हो जाता था इसने सतवास. हाटपीपल्या में भी लोगो को चुना खाया, झांसे में लेकर मीठी बाते कर सामान खरीदता फिर फरार हो जाता

# पुलिस के हाथ आया पांच लाख का सामान भी हुआ जब्त

**राजेन्द्र योगी देवास**- सतवास पुलिस ने एक बडे शातिर ठग इंदौरी नटवरलाल को पकडा हैं. आरोपी दुकान पर जाकर जमकर खरीददारी कर लेता, फिर पैसे देने के समय अपना हुनर दिखा देता. पुलिस ने छह स्थानों से खरीदा माल भी जब्त किया हैं. 12 मार्च को थाना सतवास पर आवेदक रमेशचंद्र राठौर ने केस दर्ज कराया. आवेदक ने बताया कि पुनासा रोड सतवास पर फर्नीचर कि दुकान है, कुछ दिन पहले उसकी दुकान पर सौरभ जैन नाम का व्यक्ति आया और एक सौफा सेट, एक अलमारी, एक टेबल, एक गोदरेज अलमारी, एक राउंड कुर्सी, एक पलंग, एक गद्दा, छह प्लास्टिक कुर्सी खरीदी. पैसा देने की बात आई तो बोला आपका जो भी पैसा है, वो कल आकर दे देगा. उसके द्वारा एक्सिस बैंक कन्नौद का एक चेक दिया गया. दो दिन के बाद में उसके बताए स्थान पर गया तो वहां कोई नहीं मिला. मेरा सामान भी नही था ओर जो चेक दिया था, उस अकाउंट में भी पैसे नही थे. उक्त घटना के बारे में जानकारी लेकर थाना प्रभारी बीडी बीरा द्वारा तुरंत एक टीम का गठन किया गया. आरोपी की जांच के निर्देश दिए गए. आरोपी कि पहचान के लिए आवेदक कि दुकान के आसपास व सतवास क्षेत्र में आपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए, जिसमें आरोपी एक स्कूटी पर क्षेत्र में घूमता दिखा. तकनिकी साक्ष्य के आधार पर लगातार आरोपी का पीछा किया गया परंतु आरोपी शातिर व पढा लिखा होने




के कारण अपना मोबाइल बंद कर लेता था. जांच के दौरान मुखबिर से उसकी लोकेशन मिली. सूचना पर दबिश देकर आरोपी को पकडा गया. आरोपी के पास से खरीदा गया फर्नीचर जब्त किया गया. आरोपी ने हाटपीपल्या में भी फरीयादी सचिन अजमेरा को डिस्पोजल दोना पत्तल दिलाने के नाम से 18 फरवरी को 26000 रुपए कि राशि अपने खाते मे डलवाई थी, आरोपी उसके बाद फरार हो गया था. इस तरह थाना सुनेल जिला झालावड राजस्थान के फरियादी बजरंगलाल पिता निर्भयलाल के साथ भी 13 मार्च को मध्यप्रदेश का शासकीय ठेकेदार बनकर उसकी दुकान से इलेक्ट्रिकल वायर के करीब 45 बंडल व एम्प्लिफायर स्विच व साकेट आदि जिनकी किमत करीब 83000 रुपए कि धोखाधडी कर ले गया. जिस पर थाना सुनेल जिला झालावड में भी धारा 318(4),316(2) क्व्हस्र के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. आरोपी से उक्त सामान भी जब्त किया गया. आरोपी ने ग्राम सोयतकला जिला आगर मालवा के गोपाल विश्वकर्मा से धोखाधडी कर सरकारी ठेकेदार बता कर बिजली के तारों के बंडल जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपए है, ले गया था. उक्त सामन को भी आरोपी के पास से जब्त किया गया. इसी तरह आरोपी के द्वारा फरीयादी आशीष गोयल निवासी टिमरनी से भी 07 पंखे धोखाधडी कर ले गया. उक्त पंखों को भी जब्त किया गया. आरोपी द्वारा अकोदिया के एक फर्नीचर व्यपारी से सौफा सेट ,पंलग अलमारी धोखाधडी कर ले गया उक्त मश्रुका भी आरोपी से जब्त किया. आरोपी सौरभ जैन पिता रामचंद्र जैन निवासी स्कीम न. 114 विजयनगर इन्दौर का होकर अंतराज्यीय ठंगी करता है ओर जिस स्थान पर ठंगी करता है उसी स्थान का आधार कार्ड बनवा लेता था व वहा के लोगों को आधार कार्ड दिखाकर दुकान किराये से ले लेता था ओर धोखाधडी करता था. पूरी घटना में उक्त आरोपी से 06 जगहों पर कि गई वारदातों का मश्रुका प्राप्त किया जिसकी कीमत करीबन पांच लाख रुपए हैं.।

## प्रखर राष्ट्रवादी महानायक भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती खट्टाली मंडल में धूमधाम से मानाई

**मुकेश राठौड बड़ी खट्टाली** भारतीय जनता पार्टी मंडल बड़ी खट्टाली के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर उन्हें नमन कर जन्म जयंती मनाई गई वक्त द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी के भारत वर्ष में उनका योगदान एक महत्वपूर्ण रहा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी जो कि पूरे भारतवर्ष में बाबा साहेब के नाम से जाने जाते हैं निसंदेह भारत के सर्वाधिक यशस्वी सपूतों में से एक है भारत के सामाजिक



राजनीतिक पटल पर एक जननायक नक्षत्र की भांति 1920 के दशक के प्रारंभ में प्रकट हुए वर्ष 1947 से वर्ष 1956 में मृत्यु पर्यन्त से आधुनिक भारत की नीव रखने वाले शिल्पियों में अग्रणी है आधुनिक भारत वर्ष के सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और सांस्कृतिक केवल में उनकी भूमिका निर्वाचन से मिलना परे हैं वास्तव में देखा जाए तो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जीवन एक ऐसा अविश्वसनीय रहा जिसकी दूसरी कोई मिसाल हमें देखने को नहीं मिलता कार्यक्रम में उपस्थित खट्टाली मंडल के अध्यक्ष मुलेश बघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश राठौड़ इकबाल खत्री, जुवान सिंह ,राकेश, राजू, शाहरुख खत्री अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## बाबा साहेब ने शिक्षा और समानता के मंत्र से भारतीय ज्ञान प्रणाली का भी रक्षण और संपोषण किया



**डॉ.दिनेश चौबे ,उज्जैन** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय सेवा योजना विवि इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.विजय कुमार सीजी ने अपने संदेश में बाबा साहेब को सामाजिक न्याय,समरसता का अग्रदूत बताते हुए महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, समानता और भारतीय ज्ञान प्रणाली का रक्षक और संपोषक बताया। कुलसचिव प्रो.दिलीप सोनी ने कहा कि बाबा साहेब केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व भर में सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। उनका संघर्ष हमें प्रेरणा प्रदान करता है।इस अवसर पर बाबा साहेब के विचारों से विद्यार्थियों को अवगत करवाने की दृष्टि से डॉ.भीमराव अम्बेडकर का शैक्षिक चिन्तन।संविधान निर्माण में उनकी भूमिका तथा सामाजिक चिन्तन एवं देश के लिए संविधान की आवश्यकता क्यों? इन विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को विभाग संयोजक डॉ. तुलसीदास परौहा, व्याकरण विभाग अध्यक्ष, डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ. शुभम शर्मा ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्राध्यापक,कर्मचारी, छात्रगण तथा एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन, एनएसएस, अधिकारी डॉ.अजय सिंह राठी ने किया।

# सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली चौरासी पंच संघ की बैठक सम्पन्न

### राजकुमार मालवी कुमरावत तम्बोली अध्यक्ष मनोनीत

**विशाल बाबा नामदेव** बाग- वरिष्ठ पत्रकार व नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष राजकुमार मालवी सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली चौरासी पंच के अध्यक्ष बनाये।

इंदौर के समीप सिमरोल में सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज के चौरासी पंच समाज संघ की बैठक आयोजित कि गई। जिसमे अनेको समाजजनो ने भाग लिया ?। बैठक में नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन हुए। जिसमे चार समाज के लोगो ने उम्मीदवार ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत कि गई ।उपस्थित समाजसेवी ने सर्व सहमती से बनाने कि कोशिशे कि जिसमे एक उम्मीदवार ने पक्ष मे सहमत हुवे लेकिन तीन उम्मीदवार वोटिंग कराने के पक्ष मे डटे रहे व तीन लोगो मे ही वोटिंग हुवा जिसमे एक को तीन वोट और दो लोगो को पांच पांच वोट मिले इस दौरान परिणाम किसी के भी पक्ष मे ना होने के कारण सभी समाजजनो मे निराशा का माहोल बना। जिसके चलते





आयोजक कर्ता ने बताया कि आज ही अध्यक्ष प्रक्रिया सम्पन्न होना चाहिए। पुन: निर्वाचन कि प्रक्रिया चालू की गई जिसमे सभी समाजजनो सहित 13 गाँवो के समाज के अध्यक्ष ने सर्व सहमति से राजकुमार मालवी को अध्यक्ष मनोनयन किया गया । उपस्थित समाजजनो ने मालवी के समाज के हित मे किये गये कार्य और योगदान की सरहाना करते हुए बधाईयां प्रेषित की ।

**यह समाजसेवी रहे उपस्थित** श्री सूर्यवंशी कुमरावत तम्बोली समाज मालवा प्रांत के 84 पंच ( 13 पंचायत ) के संरक्षक मार्गदर्शक राधेश्याम मोदी, नंदकिशोर कुमरावत, व सर्व सहमति से निर्वाचित प्रक्रिया का शुभारम्भ कर समाजसेवीओ को मनोनीत किया।जिस मे जवाहरलाल कुमरावत इंदौर, अंबाराम कांकरीवाल देवास, जानकीलाल मोदी नागदा, चिंतामणि पटेल बालगढ़, लक्ष्मीनारायण जी मोदी कम्पेल, अजय कांकरीवाल हाटपीपल्या, , विष्णु भारती कन्नौद, महेश व चुन्नीलाल कुमरावत बेटमा, प्रहलाद कुमरावत सिमरोल, , दयाराम कुमरावत मानपुर, हिमांशु पटेल अमझेरा, शांतिलाल कुमरावत दिलावरा, राधेश्याम कुमरावत हासलपुर उपस्थित रहे।

राजकुमार मालवी के अध्यक्ष मनोनीत होने पर बाग के समाजसेवीओ ,ईस्ट मित्र एवं नगर के पत्रकार बंधुओ द्वारा बधाइयां प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# खवासा पुलिस घटना को गंभीरता से नहीं ले रही, एक माह में भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर पाई .......?

**धर्मेश सोनी**

**पेटलावद-पेटलावद के समीप थांदला तहसील के थांदला थाना अंतर्गत खवासा चौकी का एक मामला सामने आया है जिसमें नाबालिग बालिका के साथ घटना घटित हुई लेकिन रिपोर्ट किए करीबन एक माह का समय होने आया ओर आरोपित पुलिस गिरफ्त से दूर है इससे लगता है कि इस घटना को पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है और आरोपी पकड़ से दूर है यह मामला गांव बल्यापाड़ा नौगांव नगला का है जहां 2 मार्च 25 को एक नाबालिग बालिका गांव में होली का डंडा गढ़ा था वह वहा होली खेलने घर से अकेली ही गई थी लौटते समय गांव के ही एक युवक ने जो किया वह सारी घटना एफ आई आर में दर्ज है।**

**नाबालिक बालिका ने पूरी घटना अपने दादा दादी को बताई क्योंकि उसके माता पिता मजदूरी करने बाहर गए हुए थे उनको सूचना दी और उनके आने पर बालिका माता पिता के साथ खवासा चौकी पर जाकर 15/03/25 को पूरी घटना की जानकारी देकर उपरोक्त व्यक्ति जिसका नाम उल्लेख नहीं कर रहे उक्त एफ आई आर में दर्ज है के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई।**

**खवासा पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट क्व्हस्र की धारा 173 में दर्ज की जिसमें क्व्हस्र की धारा 74,76 तथा लेगिंग अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम 2012 के 7,8 का उल्लेख किया।**

**इस संबंध में अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई जबकि घटना की एफ आई आर दर्ज कराए एक महीना होने को आया है।इसकी जानकारी खवासा चौकी प्रभारी श्री तोमर से की गई तो उनके द्वारा यह बताया**

**इनका कहना**

प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई फिलहाल आरोपी फरार है उसकी जानकारी नहीं होने से गिरफ्तारी नहीं हुई।

**श्री तोमर खवासा चौकी प्रभारी**

**इनका कहना**

थाना प्रभारी थांदला का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में है आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को भेजा जा रहा है।

**बृजेश मालवीय**

# मोटरसाईकिल चोर कुक्षी पुलिस की गिरफ्त मे

## कुक्षी से चोरीशुदा 3 मोटरसाईकिले कीमती 2 लाख रूपये की जप्त

**दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियो से पूछताछ में अन्य कई मोटरसाईकिल चोरियो का खुलासा होने की संभावना**

**नरेश राठौड़** कुक्षी- विगत दिनों थाना कुक्षी पर फरियादी रामसिंह पिता देवीसिंह सोलंकी निवासी नयापुरा ग्राम चिलवा ने अपनी मोटरसाईकिल हीरो एचएफ डीलक्स स्क्र 11 स्क्ष्र 0749 कीमती 55,000 रूपये के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर थाना कुक्षी पर अपराध क्र. 163/2025 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया था। इसी प्रकार फरियादी फिरोज पिता नजीम मंसूरी निवासी अन्नपूर्णा कालोनी कुक्षी ने रिपोर्ट किया कि मेरी मोटरसाईकिल हीरो एचएफ डीलक्स स्क्र 09 ङ्क्च 5464 कीमती 75,000रूपये की को अज्ञात चोर मेरे घर के अन्दर लाक लगाकर खड़ी की हुई मोटरसाईकिल को घर का ताला तोड़कर, अन्दर घुसकर चुराकर ले गया है, रिपोर्ट पर थाना कुक्षी पर अपराध क्र. 158/2025 धारा 331(4),305 भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था। इसी प्रकार फरियादी रणजीत पिता मदन सोलंकी जाति मानकर निवासी ग्राम मंडवाड़ा पुलिस थाना अंजड़ जिला बड़वानी द्वारा निसरपुर चौकी पर रिपोर्ट की गई थी कि उसकी होण्डा शाईन रजिस्ट्रेशन नं. स्क्र 46 स्ह्र 8043 कीमती 60,000 रूपये की कोटेश्वर घाट पर स्नान करते समय घाट के किनारे पर खड़ी की थी जो कोई अज्ञात व्यक्ति लाक लगाकर खड़ी की हुई मोटरसाईकिल को घर का ताला तोड़कर, अन्दर घुसकर चुराकर ले गया है, रिपोर्ट पर थाना कुक्षी पर अपराध क्र. 162/2025 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया था। लगातार होती वाहनचोरी की घटनाओ को देखते हुये पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मनोज कुमारसिंह द्वारा गंभीरता से लिया जाकर विशेष टीम का गठन कर तत्काल कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुक्षी सुनील कुमार गुप्ता कुक्षी को निर्देशित किया था। वरिष्ठ अधिकारियो के द्वारा लगातार दिशानिर्देश जारी किये गये, जिसके पालन मे कुक्षी थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी राजेश यादव ने पुराने संपत्ति संबंधी अपराधियो की लगातार चेकिंग की एवं बिना नम्बर वाहन चलानेवालो एवं रात्रि मे बिना कारण के घूमते पाये




जानेवालो से सख्ती से पूछताछ की। कुक्षी पुलिस की विशेष टीम को सादा वदी में मामूर किया गया जिसके द्वारा रोजाना कुक्षी व निसरपुर चौकी क्षेत्र मे रात व दिन मे लगातार औचक भ्रमण कर, बिना नम्बर मोटरसाईकिल चलाने वालो एवं रात्रि मे बिना कारण के घूमते पाये जानेवाले लागो की सख्ती से चेंकिग की जा रही है तथा अपराधो से संबंधित लोगो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान दिनांक 13.04.2025 को कुक्षी थाना प्रभारी राजेश यादव को सूचना मिली कि अमताल का चन्द्रमोहन पिता बलराम भिलाला वाहनचोरी की घटनाओ में संलिप्त हो सकता है तथा भट्टी मोहल्ला कुक्षी का मनसू उर्फ मंशाराम पिता सखाराम भील भी चन्द्रमोहन के साथ वाहनचोरी की घटनाओं में संलिप्त हो सकता है। सूचना पर थाना प्रभारी राजेश यादव द्वारा पुलिस टीम को निर्देशित किया जिस पर पुलिस टीम ने चन्द्रमोहन एवं मनसू से पन्टर के जरिये सम्पर्क कर कम कीमत में, बिना कागजात के वाहन खरीदने का सौदा किया जिस पर चन्द्रमोहन एवं मनसू ने तत्काल हीरो एचएफ डीलक्स एवं होण्डा शाईन मोटरसाईकिल उपलब्ध कराने की बात की तथा हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल लेकर बेचने कुक्षी आये जिन्हे कुक्षी पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। आरोपी चन्द्रमोहन एवं मनसू से अन्य अपराधों के बारे में पूछताछ करते दोनों आरोपियो ने कुक्षी, निसरपुर व अन्य आसपास के क्षेत्रो से कई मोटरसाईकिले चुराना कबूल किया है। आरोपियो से अभी तक तीन मोटरसाईकिले कीमती करीब 2 लाख रूपये की बरामद की जा सकी है। आरोपियो से पूछताछ जारी है जिनसे आगे और भी कई मोटरसाईकिल चोरी का खुलासा होते की संभावना है। इस उल्लेखनीय सफलता मे निरीक्षक राजेश यादव, सहायक उप निरीक्षक चंचलसिंह चौहान, प्र.आर.213 सतीश, 825 प्रमोद, 722 कुन्दन, 831 नितिन, आ.899 जितेन्द्र एवं निगपुर चौकी प्रभारी रवि वास्के, सहायक उपनिरीक्षक शंकरसिंह तोमर का विशेष योगदान रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मनोज कमार सिंह द्वारा कुक्षी पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## राणापुर बस स्टैंड पर ग्रामीण क्षेत्र से आने यात्रियों को पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही

**पंकज गोस्वामी** रानापुर -गर्मी ने अभी से अपना प्रकोप दिखाना शुरु कर दिया है ग्रामीण इलाकों से आने वाले यात्री पानी के लिए तरस रहे हैं स्थानीय बस स्टैंड नगर परिषद द्वारा पानी की सुविधा नहीं उपलब्ध कराई जा रही है आने वाले दिनों में शादी विवाह का माहौल चलेगा चार नाल लगाए गए एक नाल को टूटे हुए एक सप्ताह हो गया है नगर परिषद का ध्यान नहीं है ना टाइम से पानी आता ना टाइम से साफ सफाई होती है पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश डामोर द्वारा वाटर कूलर लगाया गया था नगर परिषद में है या अटाला में बेच दिया गया पानी पीने वाले कहां जाएं और क्या करें आगे ठेला गाड़ी लगा दी जाती है दुनिया भर का अतिक्रमण कर रखा है इंसान जाए तो कहां से जाए पानी पीने के लिए नगर परिषद तत्काल संज्ञान लेकर इस भीषण गर्मी में स्थानीय बस स्टैण्ड पर पर्याप्त पानी की व्यवस्था करे।





## डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

मेघनगर सौरभ खेमसरा बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकरजी की जयंती के मौके पर कांग्रेस विधायक वीरसिंह भुरिया ने कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मेघनगर के अंबेडकर पार्क पहुँच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पारसिंह भाई,अरुण ओहरी, रोशन बारिया, अक्षय कमलिया समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत में अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीपजला कर किया गया, फूल चढ़ाकर उन्हें याद किया गया इसके बाद सभा में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति लगन और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला विधायक वीरसिंह भूरिया ने कहा कि बाबा साहब ने कमजोर तबके समाज के लोगो को हक् दिलाने के लिए जिंदगी भर संघर्ष किया और बराबरी का हक् दिलाया और आज हम वोट दाल रहे है ये उन्हीं की देन है। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया,वही आज देश की रीढ़ है हमें जात-पात और भेदभाव छोड़कर उनके बताए रास्ते पर चलना है ।





## अलीराजपुर एस पी राजेश व्यास का नाइट कॉम्बिंग गश्त के माध्यम से असामाजिक तत्वों को पुलिस का सख्त संदेश

**जनता में विश्वास, अपराधियों में भय संपूर्ण जिले में अलीराजपुर पुलिस के द्वारा नाइट कॉम्बिंग गश्त**

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो** अलीराजपुर - पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास ने बताया कि 12-13 अप्रेल 2025 की मध्य रात्रि मे संपूर्ण जिले के थाना क्षेत्रों में रात्रि मे नाइट कॉम्बिंग गश्त का की गई। नाइट कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार रात पुलिस ने नाइट कॉम्बिंग गश्त के माध्यम से असामाजिक तत्वों की धरपकड हेतु ऑपरेशन चलाया। नाइट कॉम्बिंग गश्त की कार्यवाही के दौरान संपूर्ण जिले मे अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुये 38 गिरफतारी वारण्ट, 12 स्थाई वारण्ट, 02 ईनामी बदमाश एवं 15 अपराधों में वांछित फरार आरोपियों को गिरफतार किया गया है। साथही 15 संपत्ति संबंधी अपराधियों, 07 जिलाबदर, 45 सूचीबद्ध गुण्डें एवं 30 निगरानी बदमाशों को उनके निवास स्थान पर जाकर चैक किया गया व उनके वर्तमान क्रियाकलाप के बारें में सख्ती से पूछताछ कर जानकारी ली गई है। इसी प्रकार नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान वाहन चैकिंग की कार्यवाही भी की गई।







पुलिस अधीक्षक अलीराजपुर राजेश व्यास ने बताया कि नाइट कॉम्बिंग गश्त मे जिले के 03 राजपत्रित पुलिस अधिकारी सहित कुल 116 पुलिस अधि0/कर्म0 सम्मिलित हुये। पुलिस के द्वारा नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान पैदल भ्रमण कर असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया, ताकि असामाजिक तत्वों मे पुलिस का भय हो तथा आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास कायम होकर जिले मे कानून-व्यवस्था के साथ शांति बनाये रखना है।

## रोशन सिंह को बनाया उज्जैन कलेक्टर

**उज्जैन** मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में कई आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं, जिसमें रोशन कुमार सिंह का नाम भी शामिल है। रोशन सिंह, जो पहले विदिशा के कलेक्टर थे, अब उज्जैन के नए कलेक्टर बनाए गए हैं। इससे पहले नीरज कुमार सिंह उज्जैन के कलेक्टर थे, जिन्हें अब लोक स्वास्थ्य-परिवार कल्याण विभाग का संचालक बनाया गया है।



**रोशन सिंह की नई जिम्मेदारी** रोशन कुमार सिंह को उज्जैन कलेक्टर के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है, जहां उन्हें शहर के विकास और प्रशासनिक कार्यों को संभालना होगा। उज्जैन एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, और रोशन सिंह को यहां की विशेष आवश्यकताओं और चुनौतियों का सामना करना होगा।

**उज्जैन नगर निगम कमिश्नर के रूप में अनुभव** हालांकि रोशन सिंह के उज्जैन नगर निगम कमिश्नर रहने की जानकारी नहीं मिली है, लेकिन बतौर कलेक्टर वे शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नई भूमिका में वे शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को सुधारने और विकास कार्यों को गति देने के लिए काम करेंगे।

**अन्य तबादले** मध्य प्रदेश सरकार ने इस बार 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं, जिनमें उज्जैन, अशोकनगर, हरदा और विदिशा के कलेक्टर शामिल हैं। इन तबादलों के साथ ही कई अन्य अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# आईपीएल 2025... रन आउट की हैट्रिक बना मुंबई ने दिल्ली को दी मात, दर्ज की पहली जीत

**नई दिल्ली,** । मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से हराकर आईपीएल 2025 में अपनी हार का सिलसिला तोड़ा और पहली जीत दर्ज की। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली सिर्फ 193 रन ही बना सकी। मैच का निर्णायक क्षण 19वें ओवर में आया, जब मुंबई के फील्डरों ने रन आउट की हैट्रिक बनाकर दिल्ली को पटखनी दी। मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप वाली दिल्ली 19 ओवर में ही ऑलआउट हो गई।

मुंबई की ओर से मिले 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को पारी की पहली ही गेंद पर जैक फ्रेजर मैकगर्क के रूप में झटका लगा। हालांकि इसके बाद अभिषेक पोरेल और करुण नायर ने दिल्ली की पारी को मजबूती दी और दोनों ने मिलकर 61 गेंदों में 119 रन जोड़ डाले। पोरेल 33 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं तीन साल बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करुण नायर ने 89 रनों की तूफानी पारी खेली। जब नायर आउट हुए तब दिल्ली को 50 गेंदों में जीत के लिए 71 रन की जरूरत थी। यह लक्ष्य बेहद आसान लग रहा था, लेकिन स्पिनरों के आतंक और नई गेंद की जुगलबंदी ने सारा खेल ही बदल दिया। रही रही कसर 19वें ओवर के रोमांच ने पूरा कर दिया। 18.3 ओवर तक 7 विकेट खोकर 192 रन बना लिए थे।



लेकिन फिर अगली तीन गेंदों पर लगातार तीन रन आउट ने दिल्ली की उम्मीदों और करुण नायर की शानदार बल्लेबाजी पर पानी फेर दिया।

मुंबई के लिए कर्ण शर्मा ने तीन और मिचेश सेंटनर ने दो विकेट झटके। जबकि दीपक चहर और जसप्रीत बुमराह के खाते में एक-एक विकेट रहा।

इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 205 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए तिलक वर्मा और नमन धीर की जबरदस्त बल्लेबाजी का अहम योगदान रहा। तिलक ने 33 गेंदों में 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं नमन ने 17 गेंदों में 38 रन की तूफानी पारी खेली। दोनों ने मिलकर 33 गेंदों में 62 रन की धमाकेदार साझेदारी की। इससे पहले सूर्यकुमार यादव (40) और रायन रिकलटन (41) ने भी अपने-अपने बल्लेबाजी से मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

## आईपीएल 2025...सीएसके ने गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में किया शामिल

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अब तक खराब प्रदर्शन से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बड़ा फैसला लिया है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर पूरे सीजन से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने मुंबई के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है। 17 वर्षीय म्हात्रे को दो दिन में टीम से जुड़ने के लिए कहा गया है और वे जल्द ही सीएसके के स्क्वाड का हिस्सा बन सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ये सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने सात में से केवल एक मुकाबला जीता है और लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के कोहनी में फ्रैक्चर के चलते पूरे सीजन से बाहर हो जाने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

**ट्रायल के बाद मिला मौका, दिग्गजों को पछाड़ा** क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार,, सीएसके मैनेजमेंट ने आयुष म्हात्रे समेत उर्विल पटेल (गुजरात), सलमान निज़ार (उत्तर प्रदेश) और पृथ्वी शॉ को ट्रायल के लिए चेन्नई बुलाया था। हालांकि, प्रदर्शन और फिटनेस के आधार पर आयुष म्हात्रे का चयन किया गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में 30 लाख के बेस प्राइस पर भी कोई खरीदार न मिलने वाले म्हात्रे को अब बड़ा मौका मिल गया है। सीएसके अभी लखनऊ में अपना सातवां मुकाबला खेलने पहुंची है, जहां सोमवार रात वे लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ भिड़ेगी। इसके बाद टीम 20 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में उतरेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आयुष म्हात्रे मुंबई में ही सीएसके स्क्वाड से जुड़ेंगे।

**मुंबई के क्रिकेट सर्कल में चर्चित नाम** 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे मुंबई के क्रिकेट सर्कल में उभरता हुआ सितारा हैं। अब तक खेले गए 9 फर्स्ट क्लास मैचों में वे 504 रन बना चुके हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, 7 लिस्ट ए मुकाबलों में भी उन्होंने 458 रन बनाए हैं। पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू करने वाले म्हात्रे को क्रिकेट विशेषज्ञ भविष्य का भारतीय खिलाड़ी मानते हैं।

# रेपो दर में कटौती का उठाएं फायदा, ऐसे कम करा सकते हैं होम लोन की किस्त

महंगाई पर नियंत्रण के बाद अब आरबीआई का ध्यान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने पर है। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती की घोषणा की है। इस तरह, आरबीआई फरवरी से अब तक रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती कर चुका है।?रेपो रेट वह दर है, जिस पर आरबीआई दूसरे बैंकों को छोटी अवधि के लिए कर्ज देता है। इन दरों में बदलाव का असर बैंक की ब्याज दरों पर भी पड़ता है। यानी कि जब रेपो रेट कम होता है, तब इससे आम ग्राहकों को कर्ज की ईएमआई में राहत मिलती है।पुराने और नए दोनों ग्राहकों को लाभ

जब रेपो रेट घटता है, तो बैंक भी अपने लोन प्रोडक्ट यानी कर्ज की ब्याज दरों में कटौती करते हैं और नए कर्जदारों को कम ब्याज पर ऋण मिल सकता है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि पुराने ग्राहक जिनका पहले से लोन चल रहा है, उन्हें इससे कोई फायदा नहीं होगा। ध्यान रहे कि अगर आपका लोन फिक्स्ड रेट पर है तो रेपो दर में बदलाव का असर आपके कर्ज पर नहीं पड़ेगा जब तक कि आप अपना लोन फिक्स्ड रेट से फ्लोटिंग रेट में नहीं बदलवा लेते।?लेकिन, होम लोन अक्सर लंबी अवधि के लिए फ्लोटिंग रेट सिस्टम पर आधारित होते हैं और रेपो दर से जुड़े होते हैं। अगर आरबीआई ने रेपो दर कम किया है तो आपकी फ्लोटिंग रेट वाले होम लोन की ब्याज दरें भी कम हो जाएंगी। लेकिन, हो सकता है कि इसमें थोड़ा समय लग जाए। इसका कारण यह है कि लोन देते समय बैंक ग्राहकों के साथ एक एग्रीमेंट करता है, जिसमें कर्ज की एक रिसेट डेट यानी बदलाव करने की तारीख तय होती है, जो अक्सर तीन महीने में एक बार होती है।

अब मान लीजिए कि आपके होम लोन की रिसेट डेट मार्च में तय थी तो फरवरी में ब्याज दरों में हुई कटौती का फायदा आपको मिल गया होगा, लेकिन आरबीआई ?की ओर से अप्रैल में रेपो दर में जो कमी की गई, उसका लाभ आपको जुलाई में ही देखने को मिलेगा।

**किस्त घटाने के लिए?करना होगा आवेदन**

अब यदि आप सोच रहे है कि आपके मौजूदा होम लोन की मासिक किस्त खुद-ब-खुद कम हो जाएगी तो ऐसा नहीं होगा। बैंक ग्राहकों को कर्ज देते समय उस वक्त पर प्रभावित ब्याज दरों के आधार पर ईएमआई तय करते हैं। आप जो ईएमआई अदा करते हैं, उसका एक हिस्सा ब्याज के रूप में बैंक ले लेता है और दूसरा हिस्सा आपके कर्ज राशि में समायोजित होता है। अब जब ब्याज दरें कम हुई हैं तो ईएमआई से पहले के मुकाबले अधिक राशि आपके बकाया लोन में समायोजित की जाएगी, जिससे आपके लोन की अवधि कम हो सकती है और आपका लोन समय से पहले चुकता हो सकता है। लेकिन, यदि आप चाहते हैं कि आपकी लोन की अवधि कम न हो, लेकिन ईएमआई कम हो जाए तो आपको बैंक में आवेदन करना होगा। सामान्य तौर पर यह माना जाता है कि ईएमआई कम न कराई जाए, ताकि भविष्य में ब्याज दरें बढ़ जाए?तो उस वक्त आपके कर्ज पर इसका विपरीत असर ना पड़े।?साथ ही, आपका लोन समय से पहले पूरा हो सके। मान लीजिए, किसी ग्राहक ने 30 लाख का होम लोन 20 साल की अवधि के लिए लिया है। अगर ब्याज दर 9 फीसदी है, तो उनकी मासिक किस्त यानी ईएमआई 26,992 रुपये होगी।



लेकिन, रेपो दर में कुल 0.50 फीसदी की कटौती होने के बाद (जैसा फरवरी और अप्रैल की कटौती को मिलाकर हो सकता है) अगर होम लोन की ब्याज दर घटकर 8.50 फीसदी रह जाएगी, जिससे ईएमआई भी कम होकर 26,035 रह जाएगी। यानी हर महीने 957 रुपये की बचत। पूरे 20 वर्षों में यह बचत 2,29,680 रुपये तक पहुंच सकती है।

**नए ग्राहकों को सलाह, फिक्स्ड दर पर न लें कर्ज**

अगर आप होम लेने का विचार कर रहे हैं तो बैंकों की ब्याज दरों की तुलना करें। बैंक ग्राहकों को रेपो दर के साथ कुछ अतिरिक्त भार लगाकर ब्याज दरें तय करते हैं। यह अतिरिक्त भार विभिन्न बैंकों में अलग-अलग हो सकता है। कुछ बैंक पहले कुछ वर्षों के लिए फिक्स्ड रेट पर लोन देते हैं, जो बाद में फ्लोटिंग रेट में तब्दील हो जाता है।

ऐसे वक्त पर जब ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला शुरू हुआ है व आगे और घटने की संभावना है, तो फिक्स्ड रेट पर लोन लेना नुकसानदायक हो सकता है।

साथ ही, कोशिश रहे कि ईएमआई आपकी मासिक आय के 30 फीसदी से अधिक न हो।?

## नवाचार कर लोगों को गुणवत्तापूर्ण जीवन देना मकसद शुद्ध पानी पिलाने के लक्ष्य से किया?आगाज

वाटर प्यूरीफायर बनाने वाली कंपनी केंट आरओसिस्टम्स आज एक भरोसेमंद नाम है। आज इसके पोर्टफोलियो में पंखे, वॉटर सॉफ्टनर, किचन अप्लायंसेस, एयर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर से लेकर हेल्दी कुकवेयर और होम एंड हाइजीन समेत कई उत्पाद हैं। तमाम मुश्किलों के बावजूद कंपनी ने भारतीयों के बीच में एक अलग मुकाम हासिल किया है।अमेरिका समेत अन्य देशों में भी वह अपने उत्पादों के जरिये अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

तमाम मुश्किलों के बावजूद कंपनी ने भारतीयों के बीच में एक अलग मुकाम हासिल किया है।अमेरिका समेत अन्य देशों में भी वह अपने उत्पादों के जरिये अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है।

कंपनी का फोकस रिसर्च और नवाचार के जरिये बाजार में ऐसे उत्पाद पेश करना है, जिससे लोगों को शुद्ध पानी मिलता रहे और बिजली की खपत कम हो।

लोगों ने जिस तरह जागरूकता का परिचय देते हुए पुराने बल्ब को एलईडी से बदला, जिससे बिजली खर्च घटाने में मदद मिली, उसी प्रकार, पुराने पंखों को भी बदलने की दिशा में प्रयास जरूरी है।

गर्मी शुरू हो गई है, जो साल-दर-साल बढ़ रही है।लोगों को ठंडक पहुंचाने के लिएकेंट की क्या तैयारी है बिल्कुल...इस बार भी पूरी तैयारी है।बतौर कंपनी केंट का जोर हमेशा इस बात पर रहता है कि हम बाजार में ऐसे उत्पाद लाएं, जिससे लोगों को बचत हो और उन्हें गुणवत्तापूर्णजीवन मिले।गर्मियों में लोगों को बीमारियों से बचाने के लिएहम शुद्ध पानी पिलाना चाहते हैं और ठंडक के लिएपंखे की हवा भी खिला रहे हैं।इस साल हमने ऐसा पंखा लॉन्च किया है, जो अंदर से ह्यूमिडिटी बढ़ाता है।यानी अब आपको डेजर्ट कूलर की जरूरत नहीं पड़ेगी।देखिए, डेजर्ट कूलर में पानी की आवश्यकता पड़ती है और वह पीछे से कमरे में पानी भी फेंकता है, जिससे सामान गीले हो जाते हैं।हम जो एक्सएलएच1 पंखा लेकर आए हैं, उसमें ह्यूमिडिटी के लिएपानी की जरूरत नहीं होती।आपका सामान भी गीला नहीं होता है और कमरा भी ठंडा रहता है।कुल मिलाकर, हम दो ही चीजों पर काम करते हैं...शुद्ध पानी पिलाना और बिजली बचाना।शुद्ध पानी की बात कईबार हो चुकी है।

## अंबेडकर जयंती के अवसर पर उमंग सिंगार के सौजन्य से स्व. जमुना देवी नि:शुल्क कोचिंग संस्थान में कंप्यूटर सेंटर का हुआ उद्घाटन






**सुनील मुनिया** धार/गंधवानी– सोमवार दिनांक 14 अप्रैल को धार जिले के गंधवानी में अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर विधायक और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के सौजन्य से स्व. जमुना देवी नि:शुल्क कोचिंग संस्थान में कंप्यूटर सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस सराहनीय पहल के अंतर्गत संस्थान के ग्रामीण आदिवासी बच्चों के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर कक्षाओं की शुरुआत की गई है, जिससे वे आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकें और अपने भविष्य को सशक्त बना सकें। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस कंप्यूटर क्लास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी बच्चे आधुनिक शिक्षा हेतु बिना शहरों की ओर जाए गांव में ही आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जुड़कर अपने भविष्य को सशक्त बनाने के साथ ही शहर के बच्चों की तरह एक्सपर्ट बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि बुआ जी का सपना था कि गंधवानी का हर आदिवासी बच्चा तकनीक से जुड़े और शहरी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। बुआ जी का वह सपना आज सच होता नज़र आ रहा है। कार्यक्रम में गंधवानी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्री सतपाल बरनाला , विधायक प्रतिनिधि स्वतंत्र जोशी सहित अन्य कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शाकाहार,अहिंसा एवं पर्यावरण संरक्षण मैराथन 20 अप्रैल को

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने मेराथन के पोस्टर का अनावरण किया



**राजेश पिल्ले** इंदौर– अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन रजि के द्वारा अहिंसा,शाकाहार एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागृति मैराथन का विराट आयोजन रविवार 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 6 बजे नेहरू स्टेडियम रेसीडेंसी के सामने,इंदौर से होगा। यह जानकारी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने देते हुए बताया कि सोमवार को हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन्दोर प्रवास पर अहिंसा और शाकाहार मेराथन 2025 के पोस्टर का अनावरण किया इस अवसर पर प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन, नरेन्द्र संचेती, दीपक जैन टीनू, नरेन्द्र भंडारी, माइक्रो मिट्टी के मनोज धनोतिया, गीतांजलि आदि उपस्थित थे। मैराथन के मार्गदर्शक नरेंद्र संचेती ने बताया कि फेडरेशन सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अलावा शहर,प्रदेश ओर राष्ट्र हित के अनेकों कार्य करती है इस वर्ष माइक्रो मिट्टी के सहयोग से इसको बहुत विराट स्वरूप दिया जा रहा है। माइक्रो मिट्टी के फाउंडर मनोज धनोतिया ने कहा कि हम रियल एस्टेट क्षेत्र में काम करते हैं परन्तु इंदौर से हमने एक नई शुरुआत की हैं हम शहर के विकास में हमेशा जनता के साथ है। स्वच्छता और स्वास्थ्य का बड़ा महत्व है अत: हमने फेडरेशन के साथ जुड़कर शहर के स्वास्थ्य की दृष्टि से मैराथन का हिस्सा बने है हमारी सोच है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम स्वस्थ भारत की दिशा में योगदान प्रदान किया। मैराथन के संयोजक सी ए नरेंद्र भंडारी,रितेश कटकानी, भरत शाह,अखिल चौधरी,रुचिल डोसी, ने बताया कि यह मैराथन 2 किमी, 3.5 किमी, और 5 किमी की होगी जिसमें बचपन से लेकर सीनियर सिटीजन तक भाग लेगे। फेडरेशन स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन पंकज जैन ने बताया कि मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करवाए जिसका शुल्क मात्र 100 रुपए है। फेडरेशन के महासचिव वीरेंद्र नाहर किरण सिरोलिया अरिहंत जैन एवं माइक्रो मिट्टी की गीतांजलि ने जानकारी देते हुए बताया कि मैराथन प्रतिभागियों को मैडल, टी शर्ट, और स्वल्पाहार प्रदान किया जाएगा। फेडरेशन के संरक्षक डा नरेंद्र धाकड़,जय सिंह जैन, दिलीप सी जैन,दिलीप सिसोदिया,राजेंद्र सुराणा तथा संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्रकुमार जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा,पियूष जैन,राजेंद्र जैन,संजय नाहर ने सभी से मेराथन में भाग लेने की अपील की है।

दोषियों पर हो कार्यवाही....

## जैन संतों के साथ सिंगोली में हुई दुर्भाग्यपूर्ण व पीड़ादायक घटना अभा जैन पत्रकार संघ ने की निंदा

**जैन संतों की सुरक्षा पर शासन प्रशासन नीति निर्धारण करे**



**राजेश नाहर, खेतिया** नीमच के समीप सिंगोली में जैन संतों के साथ हुई घटना की अभा जैन पत्रकार संघ ने कड़ी निन्दा करते हुए संतों की सुरक्षा की मांग की है। अभा जैन पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया व प्रदेश महासचिव शिरीष सकलेचा ने बताया कि संतों के साथ घटित यह घटना निंदनीय पीड़ादायक हैं इस अवांछनीय घटना ने समस्त जैन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के धार्मिक व नैतिक मूल्यों को झकझोर कर रख दिया है। जैन पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक संप्रदाय पर नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, संयम और आध्यात्मिक गरिमा पर भी सीधा आघात है। जो असहनीय है। जैन संत, जो अहिंसा, शांति, तप और संयम के प्रतीक होते हैं, सदैव समाज को नैतिकता व सदाचार की प्रेरणा देते आए हैं। ऐसे संतों के साथ इस प्रकार की हिंसक व अमानवीय घटना होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। डाकोलिया व सकलेचा के साथ संघ के प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष संजय लोढ़ा,संरक्षकद्वय हिम्मत मेहता,ऋतुराज बुढ़ावन वाला,सलाहकार जवाहर डोसी, राजेश नाहर,उपाध्यक्ष अनिल नाहर,सचिव संदीप जैन, संयुक्त सचिव अरुण बुरड़, प्रदेश संगठन सचिव विमल कटारिया प्रचार सचिव, नेमीचंद कावड़िया,प्रदीप जैन,गौरव दुग्गड, कार्यसमिति डॉ सुनील चोपड़ा ,राजकुमार नाहर,मनोज भंडारी,सदस्य विशाल बाघमार, आदि ने इस कृत्य की कठोर शब्दों में भर्त्सना की हैं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की पुरजोर मांग की हैं। जैन समाज सरकार से निम्नलिखित मांगें करते हैं। घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच तथा दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून या अन्य कठोर धाराओं के तहत कार्वाई की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी राज्यों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। धार्मिक साधु-संतों की यात्रा व ठहराव को सुरक्षित बनाने हेतु एक विशेष सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए। पीड़ित संतों की चिकित्सा, सुरक्षा और मानसिक संबल हेतु राज्य सरकार तत्काल आवश्यक कदम उठाए। पूरे प्रदेश में जैन समाज की धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा हेतु एक स्थायी समिति गठित की जाए। संघ ने कहा कि जैन समाज एकजुट होकर इस अन्याय के विरुद्ध खड़ा है। हम शांति और संवैधानिक मार्ग से अपनी आवाज़ उठाते रहेंगे और तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक दोषियों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता। अहिंसा परमो धर्म: सिर्फ एक सिद्धांत नहीं, यह हमारे जीवन का मूल है। अगर उसी पर हमला होगा, तो यह पूरी मानवता पर हमला होगा।

## ज्ञान दान अभियान- किताबें दान करें, जीवन संवारें




**राजेश नाहर बड़वानी जिला पंचायत बड़वानी सीईओ सुश्री काजल जावला द्वारा जागृति संकुल स्तरीय संघ अंतर्गत समर्थ सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र बड़वानी के नारी अधिकार केंद्र कार्यालय में आजीविका ज्ञान केंद्र एवं ज्ञान दान अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है। इस अभियान के तहत, लोग पुरानी और उपयोग में न आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें दान कर सकते हैं। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। कई प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन सामग्री की कमी के कारण अपनी तैयारी पूरी नहीं कर पाते। आपकी एक छोटी सी पहल किसी के सपनों को नई दिशा दे सकती है। इस अभियान के तहत लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें यूपीएसी, एसएससी बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी, शैक्षणिक पुस्तकें स्कूल और कॉलेज स्तर की सामान्य ज्ञान एवं संदर्भ पुस्तकें दान कर सकते हैं। सुश्री जावला ने अपील की की अभियान से जुड़े आपका पुस्तक दान किसी छात्र के भविष्य को रोशन कर सकता है। हम सब मिलकर शिक्षा को सबके लिए सुलभ बना सकते हैं! इस पुनीत कार्य में आप भी सहयोगी बने, आपके पास प्रतियोगी परीक्षाओं या अन्य जानवर्धक पुस्तके उपलब्ध हो समर्थ आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र जनपद पंचायत कार्यालय बड़वानी के पास दान कर सकते है।**

## अखिल भारत हिन्दू महासभा का 110 वां स्थापना दिवस बनाया गया

*__राजेश पिल्ले__ इंदौर– सोमवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा का 110 वां स्थापना दिवस वीर सावरकर चौराहा (जंजीर वाला चौराहे) पर वीर सावरकर प्रतिमा स्थल पर बनाया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में सावरकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिन्दू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया की मुस्लिम लीग की कट्टरपंथी विचार धारा और कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम के कारण जब हिन्दू नेतृत्व विहीन था हिन्दुओ का कोई नेतृत्वकर्ता नहीं था तब 1915 में देश भर के हिन्दू राजाओ, संतों, विद्वानों, और क्रांतिकारीयो ने मिलकर हिन्दू समाज को संगठित करने के लिये हिन्दू महासभा की स्थापना की, पहले अध्यक्ष काशी नरेश महाराजा मणिन्द्रचंद्र नंदी बने उसके बाद पंडित मदन मोहन मालवीय जी, लाला लाजपत राय स्वामी श्रद्धानंद जी, शंकराचार्य कुर्तकोटी, वीर सावरकर जी, योगी आदित्यनाथ जी के गुरु महंत दिग्विजय नाथ जी महंत अवेध नाथ जी और कई विद्वान हिन्दू महासभा के अध्यक्ष बने और देश की आजादी की लड़ाई लड़ी, हिन्दू महासभा के कई क्रांतिकारीयो ने आजादी में अपना बलिदान दिया भगत सिंह भी अपने जिले के युवा हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहे थे देश के प्रथम राष्टपति राजेंद्र प्रसाद हिन्दू महासभा के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष रहे, आज के समय समाज में कार्य कर रहे कांग्रेस या कोई और संगठन और पार्टी नहीं बता सकते है कि उनके किसी नेता ने देश के लिए बलिदान दिया है देश की आजादी में बलिदान होने वाले सबसे अधिक नेता हिन्दू महासभा के थे राम मंदिर का केस भी 70 साल तक हिन्दू महासभा ने लड़ा और जीता, धार भोजशाला आंदोलन में भी हिन्दू महासभा 1935 से सक्रिय रूप से लड़ रही हैं धारा 370 राम मंदिर इन सब विषयों पर हिन्दू महासभा लड़ती रहीं हैं*

*आज 110 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हिन्दू महासभा इंदौर के दिवंगत कार्यकर्ता राजा सिंह राजपूत और ओमकार सिंह शेखावत के परिवार का सम्मान किया गया और उन्हें हिन्दू महासभा के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में डॉ अखिलेश चंद्र शर्मा ने भारतीय इतिहास और वर्तमान विषय पर अपने विचार रखे, आर्य दक्षदेव गौड़ ने वेद के सिद्धांत से युवाओं का निर्माण पर अपने विचार रखे, योगगुरु उज्जवल स्वामी ने हिन्दू समाज की वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे संचालन राजन महाशब्दे जी ने किया, राष्ट्रीय कवि दिनेश पाठक ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बहुत ही सुंदर राष्टभक्ति की कविताओं से शुरुआत की, साथ ही वरिष्ठ पदाधिकारी अर्जुन सिंह चौहान, नंदकिशोर पंवार,*



*अखिलेश चौधरी, अंकित रिंगे, दीपक व्यास, संजीव ठाकुर, डॉ किरण सहारे, संगीता राठौर, वर्षा मांडले, मुनीष गुप्ता, मोहन बामनिया, हेमंत राठौर, नितिन खरगोनकर, अवध साहू, मधुर टेमले, गगन देव सिंह, विक्रम डोडीया, सावन सोनी, मनोज शेखावत, पंकज राजपूतों, विक्की चावरे, अमन पटेल, और सेंकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुवे कार्यक्रम के अंत में विगत कई वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता नितिन खरगोनकर, अंकित रिंगे, और अवध साहू का सम्मान किया गया*



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, 10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उजैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उजैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक :शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट) ।